दिनांक-20दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अब जोन से भी न्यू संपत्तिकर आईडी नंबर होगा जारी , करदाताओं को कर जमा करने में होगी आसानी नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजस्व वसूली के संबंध में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा बैठक ली गई थी, इस बैठक में आयुक्त महोदय ने राजस्व वसूली को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद लगातार राजस्व की वसूली को लेकर समीक्षा बैठकों का दौर जारी है! दिनांक 16 दिसंबर को उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने भी राजस्व विभाग के अधिकारियों, जोन के आयुक्त एवं स्पैरो सॉफ्टेक प्रा. लिमिटेड के कर्मचारियों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे , बैठक में उन्होंने निगम क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली कार्य हेतु स्पैरो को आदेशित किया था!

अब जोन में भी न्यू संपत्तिकर आईडी नंबर होगा जारी- बैठक में यह पाया गया कि सभी जोन कार्यालयों में मैसर्स स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा राजस्व करों के भुगतान हेतु काउंटर तो स्थापित किया गया है परंतु जोन कार्यालय में करदाता अपने स्वामित्व के भवन/भूमि और संपत्तिकर जमा करने के लिए करदाता को न्यू संपत्ति कर आईडी कोड जनरेट कराने मुख्य कार्यालय आना पड़ता है! इसलिए उपायुक्त द्विवेदी ने न्यू संपत्ति कर आईडी नंबर जोन स्तर पर भी जारी किए जाने के निर्देश जोन आयुक्तों को दिए हैं साथ ही निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवनों/भूमियों में संपत्तिकर आईडी नंबर के साथ-साथ उपभोक्ता कोड भी जोन क्षेत्रों में जनरेट कराए जाने के लिए कहा है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी